प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. घाटशिला उपचुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज, कोल्हान डीआईजी ने की इंटर–स्टेट पुलिस अधिकारियों की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश।
2. राज्य सरकार की शहरों के विकास को लेकर नई पहल, मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने नगरीय सुविधा बढ़ाने के लिए आठ टीमों का किया गठन।
3. स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में आज होगी रिम्स शासी परिषद की 61वीं बैठक, नये कोर्स शुरु करने और सीट बढ़ाने समेत लिये जा सकते हैं कई महत्वपूर्ण निर्णय।
4. वन नेशन–वन इलेक्शन पर रांची में आयोजित हुई संगोष्ठी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा–और सशक्त होगा भारतीय लोकतंत्र।
5. खेलो झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आज से रांची में, 27 खेल विधाओं में राज्यभर से 10 हजार खिलाड़ी लेंगे भाग।

****

घाटशिला उपचुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। इस सिलसिले में पुलिस विभाग अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। इसी क्रम में कोल्हान डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा की अगुवाई में जादूगोड़ा स्थित यूसिल परिसर में इंटर–स्टेट पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए कई एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं।

****

राज्य सरकार ने शहरों के विकास को लेकर नई पहल की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने विशेषज्ञ अभियंताओं की आठ टीमों का गठन किया है। ये टीम सड़क सहित सभी नगरीय आधारभूत संरचना को चिन्हित करेगी और उसके विकास के लिए संभावनाओं की तलाश करेगी। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

****

रिम्स शासी परिषद की 61वीं बैठक आज रांची में दोपहर 12 बजे से होगी। इसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री सह जीबी के चेयरमैन डॉ इरफान अंसारी करेंगे। इस बैठक में 25 एजेंडों पर चर्चा होगी। बैठक के दौरान नये सुपर स्पेशियलिटी कोर्स शुरू करने और पूर्व में संचालित कोर्स की सीट बढ़ाने पर निर्णय लिया जायेगा।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वन नेशन– वन इलेक्शन का विचार भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। बार–बार होने वाले चुनावों से न केवल संसाधनों की बर्बादी होती है, बल्कि विकास कार्यों की गति भी रूक जाती है। श्री मरांडी रांची विवि अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज सभागार में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे।

****

कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा रांची स्थित सीसीएल में आयोजित नेशनल पीआर कॉन्क्लेव का आज आखिरी दिन है। इससे पहले कल इसका शुभारंभ कोल इंडिया लिमिटेड के एचआर निदेशक विनय रंजन ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सूचना क्रांति के युग में जनसंपर्क की भूमिका महत्वपूर्ण है।

कॉन्क्लेव में फिल्म निर्माता, पत्रकार और विज्ञापन गुरु प्रह्लाद कक्कड़, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु सिंह, ईसीएल के सीएमडी सतीश झा और पद्मश्री बलबीर दत्त ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम पेश कर रहे हैं, केरल की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट–

****

चतरा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रानी मिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को निर्माण कार्य में तकनीकी दक्षता प्रदान करना है।

****

झारखंड से मानसून की वापसी दो से तीन दिनों में हो जायेगी। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार 12 से 14 अक्तूबर के बीच मानसून के पूरी तरह लौटने की संभावना है। हालांकि 10 अक्तूबर तक राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की और वज्रपात की आशंका बनी हुई है।

****

झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आज से राजधानी रांची के खेल गांव में खेलो झारखंड राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 2 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 27 खेल विधाओं को शामिल किया गया है। इसमें एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, जूडो, ताइक्वांडो, वॉलीबॉल, क्रिकेट जैसे प्रमुख खेल हैं। प्रतियोगिता में राज्यभर से लगभग 10 हजार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पहले दिन आज वुशु, ताइक्वाडो और तैराकी की प्रतियोगिताएं होंगी।

****

और अब अख़बारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सारंडा सेंक्चुअरी मामले में सुप्रीम कोर्ट से राज्य सरकार को मिली राहत की खबर को प्रमुखता दी है।

प्रभात खबर ने लिखा है– सरकार दिल्ली में फ्लैट खरीदेगी, 50 एसटी विद्यार्थियों को करायेगी यूपीएससी की तैयारी।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–बोकारो और चांडिल में आदिवासियों की महारैली।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं–झारखंड के 10 जिलों में बनेगी नारी अदालत।

दैनिक जागरण लिखता है–रांची सहित बड़े शहरों में फुटपाथों का होगा सुरक्षा ऑडिट।

****